# ऋषिकेश एम्स में भर्ती 41 श्रमिकों का हालचाल लेने पहुंचे राज्यपाल

**बातचीत**

8 राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने सभी श्रमिकों से बातचीत की है

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) गुरुवार को ऋषिकेश एम्स में भर्ती 41 श्रमिकों हालचाल जानने पहुंचे। राज्यपाल ने सभी श्रमिकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके हौंसले को



सलाम किया।
राज्यपाल गुरमीत सिंह गुरुवार दोपहर ऋषिकेश एम्स पहुंचे, जहां उन्होंने सर्वप्रथम एम्स की निर्देशक प्रोफेसर डॉक्टर मीनू सिंह और श्रमिकों की जांच में लगी टीम के डॉक्टरों से बातचीत की। राज्यपाल को बताया गया कि सभी श्रमिक पूरी तरह से स्वस्थ हैं। एम्स के ट्रॉमा सेंटर की ओपीडी में स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें सभी स्वस्थ पाए गए हैं।
इस दौरान राज्यपाल ने टनल में फंसे और अपने अन्य 40 साथियों का हौसला बढ़ाने वाले कोटद्वार निवासी गब्बर सिंह से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल पूछा और उन्हें धन्यवाद भी अर्पित किया।
राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने सभी श्रमिकों से बातचीत की है, जिन्होंने उन्हें बताया कि वह राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसके लिए वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त करते हैं। इसी के साथ उन्होंने श्रमिकों से मिलने के उपरांत उनसे कहा कि वह भी सभी की हिम्मत को सलाम करते हैं, जिन्होंने विकट परिस्थितियों में भी अपने आप को संयमित रखते हुए अपना हौसला बनाए रखा है।

# स्वामी हंसदेवाचार्य दिव्य और महान संत थे: अरुण दास महाराज

**पुण्यतिथि**

8 हंसदेवाचार्य महाराज की पुण्यतिथि पर सभी अखाड़ों के संतों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए दिव्य आत्मा बताया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार स्थित जगन्नाथ धाम में स्वामी अरुण दास महाराज के सानिध्य में रामानंदाचार्य स्वामी हंसदेवाचार्य महाराज की पुण्यतिथि पर सभी अखाड़ों के संतों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए दिव्य आत्मा बताया।
इस अवसर पर संत समागम में बोलते हुए महंत अरुण दास महाराज ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि ब्रह्मलीन गुरु रामानंदाचार्य स्वामी हंसदेवाचार्य महाराज युवा संतों के प्रेरणास्त्रोत हैं। वह दिव्य संत थे। स्वामी अरुण दास ने कहा कि गुरु से प्राप्त ज्ञान और संत परंपराओं का अनुसरण करते हुए समाज का मार्गदर्शन करने के साथ धर्म संस्कृति के प्रचार-प्रसार में योगदान कर रहे जो सभी के लिए प्रेरणादाई है।
स्वामी संतोषानंद महाराज ने कहा कि स्वामी अरुण दास महाराज के सानिध्य में जगन्नाथ धाम में कई सेवा के कार्य किए जाते हैं और स्वामी अरुण दास अपने गुरु की परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। महंत रघुवीर दास, महंत सूरज दास, महंत नारायण दास पटवारी ने कहा कि रामानंदाचार्य स्वामी हंसदेवाचार्य एक महान और दिव्य आत्मा थे। उनके अचानक चले जाने से संत समाज को जो छाती हुई है उसे कभी पूरा किया नहीं जा सकता। उनके बताए रास्ते पर चलना ही उन्हें श्रद्धांजलि होगी।

## प्रोजेक्ट प्लांट के नाम पर की ठगी, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
प्रोजेक्ट प्लांट के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने एवं मारपीट व फिरौती मांगने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में जांच की जा रही है।
सिविल लाइंस रुड़की पुलिस को दी तहरीर में अभिषेक कुमार पुत्र कृष्ण पाल सिंह निवासी बिराल शादीपुरा, जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश ने बताया कि अफजाल अहमद पुत्र हबीब निवासी ग्राम बेलडा व सावेज अली पुत्र शहजाद निवासी ग्राम बेलडा थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार ने प्रोजेक्ट प्लांट का लालच देकर धोखाधड़ी से रकम हड़प ली।

# इन्वेस्टर्स समिट के प्रत्येक इवेंट की तैयार करें विस्तृत रूपरेखा: मुख्य सचिव

**समिट**

8 मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थल के आसपास पार्किंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य के मुख्य सचिव ने आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए सभी तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक इवेंट की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाए।
गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में मुख्य सचिव



डॉ. एसएस संधु ने 8 और 9 दिसंबर को देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव संधु ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान शहर के यातायात एवं सुरक्षा से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि यातायात के कारण देश-विदेश से आ रहे निवेशकों के साथ ही आमजन को परेशानी न झेलनी पड़े, इसका ध्यान रखा जाए। इसके लिए अन्य जनपदों से भी यातायात पुलिस की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के आसपास पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।
मुख्य सचिव ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान निवेशकों को आसपास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण भी कराया जा सकता है। उन्होंने समिट से पहले शहर के सौन्दर्यीकरण कार्य को पूरा करने के साथ ही सड़कों की स्थिति दुरुस्त किए जाने के भी निर्देश दिए।
उन्होंने बिजली, फाइबर लाइन्स एवं केबल टीवी आदि की तारों को अंडरग्राउण्ड किए जाने के भी निर्देश दिए।
इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन एवं उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ईजा-बैंणी महोत्सव: सीएम ने किया 713 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित ईजा-बैंणी महोत्सव के कार्यक्रम स्थल एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।
इस अवसर पर महिलाओं ने पुष्प वर्षा की और कलश यात्रा निकालकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।
सीएम ने इस मौके पर नैनीताल जिले के लिए 713 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। तिकोनिया चौराहा से एमबी इंटर कॉलेज मैदान तक कार्यक्रम की रौनक दिखाई दी।

### सिलक्यारा टनल से निकले सभी श्रमिक स्वस्थ, ऋषिकेश एम्स ने जारी की मेडिकल रिपोर्ट

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी के सिलक्यारा में टनल से बाहर आए 41 मजदूरों को ऋषिकेश एम्स में आवश्यक जांच के बाद फिट घोषित कर दिया गया है। एम्स प्रशासन की ओर से इन सभी की मेडिकल रिपोर्ट जारी कर दी गई है।
मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरबी कालिया ने मीडिया को बताया कि सभी की आवश्यक जांच संबंधी रिपोर्ट आ गई है। सभी लोग पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि हर मानक पर फिटनेस लेवल की जांच पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रोटोकाल के मुताबिक जिस भी राज्य से संबंधित यह श्रमिक हैं उनके स्तर पर इन सभी को यहां से आगे भेजे जाने की व्यवस्था की जाएगी।

### ग्रामीणों ने नंदकेशरी बस्ती के ऊपर बनाये जा रहे डम्पिग जोन का किया विरोध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के नंदकेशरी से धरातल्ला सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सड़क कटिंग का मलबा नंदकेशरी बस्ती के आवासीय मकानों के पीछे डालने का ग्रामीणों ने घोर विरोध किया है। ग्राम प्रधान कोठी पुष्पा देवी, हेमा देवी, जयबीर सिंह, सुरेन्द्र राम, हुकम सिंह ने उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से गुरुवार को चमोली के जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा है कि नंदकेशरी धरातल्ला के लिए मोटर रोड निर्माण कार्य किया जा रहा है। कटिंग का मलबा नदकेशरी आवासीय बस्ती के 20 मीटर पर आ रहा है। जो बस्ती के लिए खतरा बन गया है। जो कभी भी आवासीय भवनों को क्षति पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र मलबा नहीं हटाया गया तो ग्रामीणों को आंदोलन के लिए विवश होना पडेगा।

# जीवन तंत्र को बचाये रखने के लिए शोध परियोजनाएं आवश्यक: प्रो. ठकुराल



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएमजेएन पीजी कॉलेज में गुरुवार को उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं शोध केन्द्र, देहरादून की प्रायोजित शोध परियोजना के अन्तर्गत वायु गुणवत्ता एवं गंगा नदी की पारिस्थिति की विषय पर एक सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा, डॉ लक्ष्मी नारायण ठकुराल व कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय माहेश्वरी आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।इस मौके पर वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मी नारायण ठकुराल ने कहा कि जल संकट आज विश्व में भयंकर समस्या के रूप में सामने खड़ा है। आज औद्योगिकीकरण एवं मानवजनित क्रियाकलापों द्वारा भूमिगत जल के साथ-साथ सतही जल की गुणवत्ता पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसके चलते जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तुओं की प्रजाति विलुप्ति की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि जीवन तंत्र को बचाये रखने के लिए नियमित रूप से शोध परियोजनाएं तथा सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।
प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा नदी न केवल धार्मिक महत्व रखती है, वरन् राज्य की आर्थिक स्थिति को भी नियंत्रित करती है। गंगा में मानवीय क्रियाकलापों से उत्पन्न हो रहा प्रदूषण चिंताजनक है।
कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि जन जागरुकता के ऐसे प्रयास ही पर्यावरण से सम्बन्धित समस्याओं का निदान करने में सहायक हैं।
शोध परियोजना के मुख्य शोधकर्ता डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि गंगा नदी के जल की गुणवत्ता पर विभिन्न प्रकार के मानवीय क्रियाकलापों का असर पड़ा है। गंगा जल में बीओडी का लगातार बढ़ना तथा घुलित आक्सीजन का घटना चिंता का विषय है।

## पुलिस ने स्मैक के साथ व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से स्मैक बरामद की है।
जानकारी के मुताबिक जनपद में चलाए जा रहे ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस ने ोकिंग अभियान के दौरान सौरभ पुत्र मुकेश कुमार निवासी लोको आदर्श कॉलोनी थाना लक्सर जनपद हरिद्वार को 11.27 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू व नकदी के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया पौधरोपण

**पर्यावरण संरक्षण**

8 पौधरोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ जरूरी हैं।

**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ दौरे के दौरान गुरुवार को 11वीं वाहिनी एसएसबी डीडीहाट परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने एसएसबी के पौधरोपण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ जरूरी हैं। इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा।अभी



तक 11वीं वाहिनी एसएसबी डीडीहाट की ओर से 6573 पौधे लगाए जा चुके हैं। इस मौके पर उप कमांडेंट जय प्रकाश कुमार, इंस्पेक्टर बरखा निरंकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता जागरुकता साइकिल रैली निकाली

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सतत अपशिष्ट प्रबंधन और समुदाय स्वास्थ्य पहल से जुड़ी स्वच्छ परियोजना रौश फार्मा इंडिया (सीएसआर के अंतर्गत) के सहयोग से सेन्टर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन (सीईई) एवं क्राउन एजेंट्स की ओर से कार्यान्वित किया जा रहा है।
गुरुवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वच्छता जागरुकता साइकिल रैली निकाली गई। लोगों को अपने शहर को स्वच्छ करने के लिए प्रेरित किया गया।
रैली की शुरूआत कोतवाली पुलिस चौकी से हुई और समापन हर की पौड़ी गंगा घाट पर किया गया। रैली की शुरूआत मुख्य अतिथि व सहायक नगर आयुक्त अमरजीत कौर ने हरी झंडी दिखाकर की। इस मौके पर कौर ने लोगों से शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपनी सहभागिता को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की अपील की। रैली में एसएमजेएन पीजी कॉलेज, हरिराम आर्य इंटर कालेज व गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्र एवं शहर के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।
रैली के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के नारे लगाए गए। इस रैली में जिला एथलीट कोच भारत भूषण, राष्ट्रीय मेडलिस्ट एथलीट निशु कुमार, एसएमजेएन कालेज के खेलकूद प्रशिक्षक मनोज मलिक, रंजीता एवम नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक, हरिद्वार के उत्साहित साइकिल समूह के सदस्यों ने प्रतिभाग लेकर इस रैली को सही तरीके से संचालन करने में अहम भूमिका निभाई। इस सन्दर्भ में भारत भूषण ने अपने संबोधन में लोगों से शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने कूड़े के सही निस्तारण करने की अपील की। रैली विभिन्न कॉलेज के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# डीजीपी अशोक कुमार को दी गई विदाई, अभिनय कुमार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून स्थित पुलिस लाइन में गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विदाई परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने कहा कि उत्तराखंड पुलिस बेहतर कानून व्यवस्था पर काम करेगी।
गुरुवार को पुलिस लाइन में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के सेवानिवृत्त होने पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड का पुलिस महानिदेशक की ओर से मानप्रणाम ग्रहण करने के उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया और सशस्त्र टुकड़ी ने उन्हें सलामी दी।
उन्होंने भव्य और शानदार परेड के लिए सभी जवानों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे तीन वर्ष तक आप सबका नेतृत्व करने का सौभाग्य मिला। 34



वर्षों से अधिक की समर्पित सेवा के बाद आज पुलिस सेवा का अंतिम दिन है, काफी भावुक क्षण हैं। वर्दी ने सेवा के हजारों मौके दिए। टीम के बिना कुछ भी संभव नहीं है। आप मेरे साथ खड़े रहे। जान जोखिम में डालकर खड़े रहे। मैं अपने पुलिस के सभी साथियों का धन्यवाद करता हूं। हमने मिलकर कई बड़ी चुनौतियों जैसे कोरोना संक्रमण की लहर, रैंणी आपदा, कोरोना महामारी के बीच महाकुम्भ का आयोजन और कुमाऊं परिक्षेत्र में अतिवृष्टि आदि का धैर्य और दृढ़ता के साथ डटकर सामना किया और देशभर के लोगों का विश्वास जीता। मेरा मानना है कि पुलिस जनता के लिए बनी है। ऐसी पुलिस व्यवस्था बनाने का प्रयास किया, जिसमें अपराधियों में पुलिस का भय और जनता पुलिस को देखकर सुरक्षित महसूस करे। आप सभी के सहयोग से यह एक विस्मरणीय यात्रा रही।
कुमार ने कहा कि पुलिस के सामने हर रोज नई चुनौती होती है और पुलिस हर चुनौती को स्वीकार भी करती है। हमने कई ऑपरेशन और कई मिशन चलाए हैं। जिसमें मुख्य रूप से मिशन हौसला ऑपरेशन प्रहार व ऑपरेशन मुक्ति उनके द्वारा चलाया गया है।


**ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण विनियमन, समय परिवर्तन एवं प्रारम्भिक/गणतव्य स्टेशन में परिवर्तन**

आधारिक असंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु रेलवे द्वारा ऋषिकेश यार्ड में इलैक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के संपादन के संबंध में दिनांक 05.12.2023 से 12.12.2023 तक प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के निष्पादन हेतु रेलवे द्वारा उपरोक्त अवधि के दौरान उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिए जाएंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियां अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी का नं. व नाम | निरस्त करने की तिथि (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04361/04362 हरिद्वार - ऋषिकेश- हरिद्वार विशेष | 06.12.2023 से 12.12.2023 तक |
| 04363 हरिद्वार - ऋषिकेश विशेष | 05.12.2023 से 12.12.2023 तक |
| 04364 ऋषिकेश - हरिद्वार विशेष | 05.12.2023 से 11.12.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | स्टेशन जहाँ रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशनों के बीच रद्द रहेगी | निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 04359 चन्दौसी-ऋषिकेश एक्स. विशेष | हरिद्वार तक | चन्दौसी-हरिद्वार | 05.12.23 से 11.12.23 तक |
| 04360 ऋषिकेश-चन्दौसी एक्स. विशेष | हरिद्वार से | हरिद्वार-चन्दौसी | 06.12.23 से 12.12.23 तक |

**रेलगाड़ी का विनियमन**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | रेलगाड़ियों का विनियमन (प्रारम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 04359 चन्दौसी-ऋषिकेश एक्स. विशेष | दिनांक 12.12.23 को मार्ग में 120 मिनट का विनियमन |

**रेलगाड़ी के प्रस्थान समय में परिवर्तन**

दिनांक 12.12.2023 को गाड़ी सं. 04364 ऋषिकेश-हरिद्वार विशेष,ऋषिकेश से सांय 18.25 बजे के स्थान पर सांय 18.55 बजे प्रस्थान करेगी

**प्रारम्भिक स्टेशन को ऋषिकेश से योग नगरी ऋषिकेश तक परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | प्रारम्भिक स्टेशन की तिथि |
|---|---|
| 14816 ऋषिकेश-श्री गंगानगर एक्सप्रेस | 05.12.2023 से 12.12.2023 तक |
| 14609 ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | 05.12.2023 से 12.12.2023 तक |
| 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस | 05.12.2023 से 12.12.2023 तक |

**गणतव्य स्टेशन को ऋषिकेश से योग नगरी ऋषिकेश तक परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. व नाम | गणतव्य स्टेशन की तिथि |
|---|---|
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | 04.12.2023 से 11.12.2023 तक |
| 14888 बाड़मेर -ऋषिकेश एक्सप्रेस | 04.12.2023 से 11.12.2023 तक |
| 14815 श्री गंगानगर -ऋषिकेश एक्सप्रेस | 05.12.2023 से 12.12.2023 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धामी ने चमोली जिले को दी 40 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**शिलान्यास**

8 -डिजिटल माध्यम से जिले की 13 विकास योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास



**गोपेश्वर**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नैनीताल में आयोजित ईजा वैणी महोत्सव में डिजिटल माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली जिले की 40.58 करोड़ की 13 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार निरंतर विकास कार्य कर रही है। उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए के हम संकल्पबद्ध है और सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार समर्पित है। चमोली जिले के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर में गोपेश्वर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि थराली के विधायक भूपाल राम टम्टा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जीजीआईसी की छात्राओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं लोकगीतों से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जिन योजनाओं की घोषणाएं की जाती है, उनको शिलान्यास और लोकार्पण के साथ धरातल पर उतारा जाता है। उन्होंने जनपद के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि ने जय माँ देवी स्वयं सहायता समूह और नन्दा देवी स्वयं सहायता समूह को फार्म मशीनरी बैंक और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की तरफ से 10 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण भी किया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष गजेन्द्र रावत, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला आदि मौजूद थे।

# गुरूकुल की हॉकी टीम पंजाब रवाना

**हॉकी प्रतियोगिता**

8 खिलाड़ी को हार-जीत के स्थान पर अपने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरूकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की हॉकी टीम के उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजाब रवाना हो गई है।
गुरुवार को क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. अजय मलिक ने हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को हार-जीत के स्थान पर अपने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान ने अनुशासन को खेल की पहली जरूरत बताते हुये कहा कि खेल में कुशलता के साथ बना रहना, केवल कठिन परिश्रम तथा विपरीत परिस्थिति से ही संभव है। यही एक बेहतर खिलाड़ी की योग्यता है। 30 नवंबरसे 6 दिसंबर तक पंजाब के जालंधर में महाराजा रंजीत सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी चैम्पियनशिप में लगभग 30 विश्वविद्यालयों की टीमें प्रतिभाग कर रही है। कोच दुष्यन्त सिंह राणा एवं मैनेजर डॉ. अनुज कुमार की देखरेख में समविश्वविद्यालय की 18 सदस्यीय टीम चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। टीम की रवानगी के मौके पर डॉ. प्रणवीर सिंह, सुनील कुमार, अश्वनी कुमार, सुरेन्द्र सिंह, मुनेश, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप आदि उपस्थित रहे। टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. देवेन्द्र गुप्ता, डीन, प्रो. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. अजेन्द्र कुमार, डॉ. हिमांशु गुप्ता आदि ने बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सात दिवसीय श्री शिव कथा के उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा देहरादून की शाखा, 70 इंदिरा गांधी मार्ग, (सत्यशील गैस गोदाम के सामने) निरंजनपुर के द्वारा चल रही सात दिवसीय श्री शिव कथा ज्ञान यज्ञ के भावी आयोजन का भावपूर्ण समापन हुआ कथा के अंतिम दिवस में सुनील उनियाल गामा (मेयर, देहरादून), राष्ट्रीय बाल संत साहिल जी महाराज (सलाहकार महिला, दलित, आदिवासी कल्याण समिति, पीठाधीश्वर, जय श्रीराम ट्रस्ट एवं प्रदेश संरक्षक, नव्या भारत फाऊंडेशन कश्मीर),रमेश चंद्र गढ़िया (राज्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार), मधु भट्ट (राज्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार), विनोद चमोली (विधायक, धर्मपुर विधानसभा),बृजभूषण गैरोला (विधायक डोईवाला), रमेश कुमार (मंगू) पार्षद सुभाष नगर देहरादून, सतीश कश्यप (पार्षद ब्रह्मपुरी) आशा नौटियाल (प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा) उपस्थित रहें।
आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती जी ने कथा का वाचन किया। भगवान शिव सृष्टि के कण-कण में स्पंदनशील है। भगवान शिव की वैश्विक उपस्थिति भारत के कोने कोने में पाए जाने वाले ज्योतिलिंगों से स्पष्ट होती है।
भारती ने प्रभु श्री शिव की महिमा का रसास्वादन करवाया। भगवान शिव का जीवन चरित्र आज मानव समाज के लिए एक प्रेरणा स्तंभ है। प्रभु की पावन कथा रूपी गंगा में जिस समय एक व्यक्ति आकर गोता लगाता है तो अपने कर्म संस्कारों की कालिमा से स्वयं को पवित्र बना लेता है।
माता पार्वती जन्म उत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। महाराज हिमवान व महारानी मैना ने आदिशक्ति जगदंबिका की आराधना कर उन्हें पुत्री स्वरूप में पाने का वरदान मांगा। माता सती जो पूर्व जन्म में देह त्याग से पहले के भगवान शिव से यह प्रार्थना करती हैं कि मैं अगले जन्म आपकी ही सेविका बनकर जन्म हूं। चतुर्थ दिवस में भारती ने भगवान शिव के अद्भुत स्वरूप का वर्णन किया। भगवान शिव का अद्भुत सिंगार हमें अध्यात्म जगत की ओर इंगित करता है। शिव कथा अमृत आयोजन के पंचम दिवस भारती ने महापार्थिवेश्वर हिमालयराज की शक्ति स्वरूपा पुत्री पार्वती जी का भगवान शिव के संग विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया।
भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह के पश्चात उनके पुत्र कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया। जिसने ब्रह्म देव से वरदान प्राप्त कर रखा था यदि मेरी मृत्यु हो तो शिवपुत्र के हाथों। ताड़कासुर का वध में समस्त देवों ने कुमार का सहयोग किया।
भारती ने महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की उत्पत्ति गाथा को समस्त श्रद्धालु गणों के समक्ष रखा अवंतिका नगरी में पेट प्रिय ब्राह्मण की भक्ति को खंडित करने के लिए जिसमें दूषण राक्षस ने आक्रमण किया भगवान भोलेनाथ महाकाल के स्वरूप में प्रकट होकर दूषण का वध कर भक्त वेद प्रिय ब्राह्मण की रक्षा करते हैं।

### सात दिवसीय श्री शिव कथा के उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा देहरादून की शाखा, 70 इंदिरा गांधी मार्ग, (सत्यशील गैस गोदाम के सामने) निरंजनपुर के द्वारा चल रही सात दिवसीय श्री शिव कथा ज्ञान यज्ञ के भावी आयोजन का भावपूर्ण समापन हुआ कथा के अंतिम दिवस में सुनील उनियाल गामा (मेयर, देहरादून), राष्ट्रीय बाल संत साहिल जी महाराज (सलाहकार महिला, दलित, आदिवासी कल्याण समिति, पीठाधीश्वर, जय श्रीराम ट्रस्ट एवं प्रदेश संरक्षक, नव्या भारत फाऊंडेशन कश्मीर),रमेश चंद्र गढ़िया (राज्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार), मधु भट्ट (राज्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार), विनोद चमोली (विधायक, धर्मपुर विधानसभा),बृजभूषण गैरोला (विधायक डोईवाला), रमेश कुमार (मंगू) पार्षद सुभाष नगर देहरादून, सतीश कश्यप (पार्षद ब्रह्मपुरी) आशा नौटियाल (प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा) उपस्थित रहें।
आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी गरिमा भारती जी ने कथा का वाचन किया। भगवान शिव सृष्टि के कण-कण में स्पंदनशील है। भगवान शिव की वैश्विक उपस्थिति भारत के कोने कोने में पाए जाने वाले ज्योतिलिंगों से स्पष्ट होती है।
भारती ने प्रभु श्री शिव की महिमा का रसास्वादन करवाया। भगवान शिव

### कुमाऊं विवि में बाहरी विषय विशेषज्ञों के लिए नया निदेशालय

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को बाहरी विषय विशेषज्ञों की सेवायें देने एवं शोध को बढावा देने के लिए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने नया विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय बनाया है। प्रो. ललित तिवारी को इसका पहला निदेशक नियुक्त किया गया है।
उल्लेखनीय प्रो. तिवारी कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में वनस्पति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर हैं। इससे पहले वह कुमाऊं विवि के शोध एवं प्रसार निदेशक, ओएसडी यानी ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी, उप परीक्षा नियंत्रक के साथ सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा एलुमनी सेल के महासचिव रह चुके है।

# 21 सूत्री मांगों के लेकर कर्मचारियों ने सीएम कैंप कार्यालय पर की मीटिंग

**चेतावनी**

8 कार्यक्रम में सभी वक्ताओं द्वारा 21 सूत्री मांगों को न माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।



**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर चम्पावत में फेडरेशन के महामंत्री जीवन चंद्र ओली के नेतृत्व में गेट मीटिंग का कार्यक्रम मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय गेट पर किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं द्वारा 21 सूत्री मांगों को न माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। सभी कार्मिकों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। फेडरेशन के महामंत्री जीवन चंद्र ओली द्वारा बताया गया कि गेट मीटिंग का कार्यक्रम समस्त विभागों को विभाग वार प्रेषित किया गया है।
इस दौरान कार्यक्रम में उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन जिला चम्पावत के अध्यक्ष नागेंद्र जोशी, फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विस एसोसिएशन के मंडलीय सचिव सौरभ चंद, एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन कुमाऊं मंडल के मंडली संयुक्त सचिव हेम चंद्र परगई, एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल आफिसर्स एसोसिएशन चम्पावत के अध्यक्ष मिंटू सिंह राणा, खीम सिंह बिष्ट, रविंद्र सिंह चंदेल, हिमांशु मुरारी, कैलाश नाथ महंत, नवीन चंद्र पुनेठा, प्रभाकर दीक्षित, राजीव जोशी, सचिन कोहली, विनोद कुमार, महेश सिंह, पंचम कुमार, रमेश सिंह बोहरा, त्रिभुवन सिंह अधिकारी, दिनेश सिंह पांगती, लोचन त्रिपाठी, गौरव कापड़ी, राकेश सिंह बोहरा, भुवन चंद्र तिवारी, जगमोहन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

# सचिव ने इन्वेस्टर समिट का किया निरीक्षण

**निर्देश**

8 अधिकारी और संस्थान के पदाधिकारी को मानक के अनुरूप समुचित कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़वाल मंडल और मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडे ने गुरुवार को प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के मुख्य इवेंट स्थल एफआरआई परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव पांडेय ने तैयारी में लगे अधिकारी और संस्थान के पदाधिकारी को मानक के अनुरूप समुचित कार्य में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इन्वेस्टर समिट की तैयारी को लेकर चल रहे कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे हैं। पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लेआउट के अनुरूप सभी तैयारी के कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत और प्रोटोकॉल के अनुरूप इवेंट से संबंधित लेआउट प्लान, इंटरनल व एक्सटर्नल प्लान, मूवमेंट प्लान, फूड कोर्ट, इनॉग्रेशन हॉल आदि को सुव्यवस्थित रूप स्थापित करते हुए ससमय तैयार करना सुनिश्चित करेंगे।


### हर योजना का शिलान्यास के बाद लोकार्पण सुनिश्चितः डा प्रेमचंद

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को हल्द्वानी से जनपद टिहरी गढ़वाल की 101 करोड़ 78 लाख 98 हजार की 40 विकास योजनाओं का वर्चुअल मध्यम से किया लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
एक अरब से अधिक योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार जिन योजनाओं की घोषणाओं करती है, उनको शिलान्यास कर लोकार्पण के साथ धरातल पर उतारा जाता है।

# नैनीताल के अंकित का नासा में चयन, एशिया समन्वयक के तौर पर देंगे सेवायें

**चयन**

8 मूल रूप से रानीखेत निवासी अंकित की प्रारंभिक शिक्षा शेरवुड कॉलेज नैनीताल से हुई है।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल के अंकित जोशी का अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा यानी ह्यनेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशनह्व में एशिया समन्वयक के पद पर चयन हुआ है।
मूल रूप से रानीखेत निवासी अंकित की प्रारंभिक शिक्षा शेरवुड कॉलेज नैनीताल से हुई है। इसके बाद उन्होंने मुम्बई विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातक किया और लोक प्रशासन, पर्यावरण नीति की स्नातकोत्तर स्तर की डिग्रियां सिंगापुर, डेनमार्क और दिल्ली विश्वविद्यालय से हासिल की हैं। उन्होंने नेहरू पर्यावरण संस्थान उत्तरकाशी से पर्वतारोहण का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है और 18 हजार से अधिक ऊंचाई वाली चोटियों पर फतह किया है। उनकी पत्नी प्रीतिका नैनीताल के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय छायाकार पदमश्री अनूप साह की पुत्री हैं।
अंकित इससे पूर्व भी कई स्थानों पर आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय विकास के क्षेत्र में कार्यक्रम प्रशासन, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन व सतत विकास आदि के कार्यों का 11 वर्ष का अनुभव है। अब वह नासा में सर्विर साइंस कोओर्डिनेशन कार्यालय के मुख्य सदस्य के रूप में सर्विर के एशिया के बैंकाक स्थित कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। उनका कार्य नासा के मार्शल स्पेस फ्लाइट सेंटर के हिंदुकुश और दक्षिण पूर्वी एशिया के लिए नासा द्वारा उपग्रहों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जलवायु परिवर्तन, कृषि, भू-उपयोग और पारिस्थिकीय विषयों पर निर्णय लेने के लिए संबधित देशों को सहायता प्रदान करना होगा। साथ ही उनके दायित्वों में एशिया महाद्वीप में विज्ञान के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण, दीर्घकालीन योजनाओं के लिए वैचारिक नेतृत्व देना भी शामिल है। वह नेपाल स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीमोड बैंकाक के एशियन प्रीपेयरर्डनेस सेंटर के क्रिया कलापों का भी पर्यवेक्षण करेंगे।

# ग्रामीणों को दी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**बैठक**

8 खंड विकास अधिकारी पोखरी पन्नालाल की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के भिकोना और बंगथल ग्राम पंचायत में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।
खंड विकास अधिकारी पोखरी पन्नालाल की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग, जल संस्थान, ग्राम्य विकास, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आधार कार्ड, खाद्य पूर्ति एवं उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। खंड विकास अधिकारी पन्नालाल ने कहा सरकार की ओर से जो योजना ही चलाई जा रही है, आम जन इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।
इस मौके पर ग्राम प्रधान धीरेंद्र राणा, ललित मिश्रा, खंड कृषि अधिकारी हरीश टम्टा, सहायक खंड विकास अधिकारी कमल आर्य, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देवेंद्र रावत, देवेंद्र बुटोला, ग्राम विकास अधिकारी वीरेंद्र रावत, दीपक कुमार, जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह, देवेंद्र पंवार, उद्यान अधिकारी मनोज पुंडीर आदि मौजूद थे।

# सीमान्त ब्लॉक जोशीमठ मे तपोवन से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने व आम जनमानस को योजनाओं का लाभ दिए जाने के लिए शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा का गुरुवार को को सीमान्त ब्लॉक जोशीमठ के न्याय पंचायत तपोवन से आगाज हो गया है।
तपोवन मुख्य बाजार मे आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य वक्ता बीकेटीसी के अध्यक्ष किशोर पंवार ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की विकास योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है।उन्होंने सभी लोगों से संकल्प यात्रा में शामिल होकर योजनाओं की जानकारी के साथ योजनाओं का लाभ उठाने का भी आग्रह किया।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के चमोली जिला संयोजक/भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णमणि थपलियाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। सीमान्त जनपद चमोली के प्रत्येक गांव तक यात्रा पहुंचेगी। इस दौरान करीब 20 विभागों के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहेंगें, जो मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी करेंगें।
थपलियाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे भाजपा के सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं, तपोवन व आसपास की ग्रामीण जनता का आभार जताया।खण्ड विकास अधिकारी मोहन जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान प्रत्येक गांव व न्याय पंचायत में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगेंगे और छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।
तपोवन के ग्राम प्रधान किशोर कन्याल ने ग्राम पंचायत तपोवन से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करने पर खुशी जताते हुए सभी आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया।
इस अवसर पर भँग्यूल की प्रधान रोशनी देवी, जितेन्द्र सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संदीप नौटियाल, नगर जोशीमठ अध्यक्ष नितेश चौहान,भाजपा ओबीसी मोर्चे के जिलाध्यक्ष विजय कपरुवाण, प्रदीप नौटियाल, अंशुल भुजवान, जयप्रकाश भट्ट, ओम प्रकाश डोभाल व महिला मंगल दल अध्यक्ष सुमित्रा देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# गन्ना लदे ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचला, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर-हरिद्वार मार्ग पर स्थित ग्राम फेरूपुर में गन्ना लदे एक ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचल दिया। युवती की मौत से गुस्साईं ग्रामीणों की भीड़ में सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया।
बताया गया कि ग्राम फेरूपुर निवासी सुषमा (22 वर्ष) पथरी पोस्टऑफिस में कार्य करती थी। रोज की भांति वह स्कूटी से गुरुवार को घर लौट रही थी। इस दौरान फेरूपुर तिराहे पर हादसा हो गया। मामला दलित युवती की मौत से जुड़ा होने के कारण भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा किया तथा जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देख पथरी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और आसपास के थानों की पुलिस को भी बुला लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास कर रही है।

